## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 01.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरएसएस के शताब्दी समारोह में हुए शामिल, संघ को बताया त्याग, निःस्वार्थ सेवा, राष्ट्र निर्माण और अनुशासन की अदभुत मिसाल।
2. झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जेलों में अपराधियों की एचआईवी जांच कराने, इलाज का निर्देश देने और नियम बनाने का दिया निर्देश।
3. देश में आज से हो रहे हैं पांच बड़े बदलाव, रिजर्वेशन टिकट की ऑनलाइन बुकिंग के लिए आधार वेरिफिकेशन होगा आवश्यक, यूपीआई से पेमेंट मांगने की रिक्वेस्ट पर लगी रोक।
4. सिमडेगा जिले में हॉकी सिमडेगा मास्टर्स कप का हो रहा आयोजन, चालीस से अधिक उम्र के खिलाड़ी भाग लेकर फिट इंडिया का दे रहे संदेश।
5. झारखंड समेत देशभर में नवरात्र की धूम, आज देवी दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की हो रही पूजा, कल मनाया जायेगा विजयदशमी का त्योहार।

**************************

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आरएसएस के सौ वर्ष पूरे होने पर आज नयी दिल्ली में शताब्दी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आरएसएस की सौ वर्षों की गौरवशाली यात्रा– त्याग, निःस्वार्थ सेवा, राष्ट्र निर्माण और अनुशासन की अदभुत मिसाल है। इस दौरान श्री मोदी ने 2 अक्टूबर को मनाये जाने वाले विजयादशमी के त्योहार पर भी अपनी बात रखी।

वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आरएसएस के सौ वर्ष पूरे होने पर संघ के सर–कार्यवाह, दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक, देश सेवा से जुड़े अभियान में समाज के सभी वर्गों तक पहुँचने का प्रयास करेंगे।

**************************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जेलों में एचआईवी जांच और इलाज के लिए उचित दिशा–निर्देश और नियम बनाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सरकार को छह सप्ताह के भीतर अपना प्रस्ताव अदालत में पेश करने को कहा है। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की खंडपीठ ने यह आदेश एक आपराधिक अपील की सुनवाई के दौरान दिया।

**************************

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज मुंबई में चालू वित्त वर्ष की चौथी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा की। श्री मल्होत्रा ने बताया कि प्रमुख नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, यानी ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। रेपो रेट पांच दशमलव पांच शून्य प्रतिशत पर यथावत रखा गया है। उन्होंने बताया कि जीएसटी दर में बदलाव से रिटेल महंगाई कम होगी।

इधर, शिरीष चंद्र मुर्मू को भारतीय रिज़र्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया है।

**************************

देश में आज से पांच बड़े बदलाव हो रहे हैं। अब जनरल रिजर्वेशन टिकट की ऑनलाइन बुकिंग के लिए आधार वेरिफिकेशन जरूरी होगा, इससे टिकटों की कालाबाजरी रूकेगी। वहीं यूपीआई से पेमेंट मांगने की रिक्वेस्ट अब लोग नहीं भेज पायेंगे। इससे यूपीआई के जरिये पैसे ठगी करने पर रोक लगेगी। इसके अलावा आज से स्पीड पोस्ट सेवा महंगी हो गई है। इंडिया पोस्ट ने अलग–अलग कैटेगरी के लिए नए चार्जेस लगाए हैं। साथ ही एनपीएस के गैर सरकारी संगठन अब पूरी रकम शेयर बाजार में निवेश कर सकेंगे। वहीं अब कॉमर्शियल गैस सिलिंडर आज से सोलह रूपये 50 पैसे तक महंगा हो गया है।

**************************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल अभियान के दौरान सांप डंसने से 209–कोबरा बटालियन के एक जवान की मौत हो गई। आईजी अभियान माइकल राज एस ने बताया कि मंगलवार देर रात छोटानागरा थाना क्षेत्र के

नूरधा जंगल में अभियान के दौरान कांस्टेबल संदीप कुमार को जहरीले सांप ने डंस लिया। इसके बाद जवान की इलाज के दौरान मौत हो गई।

************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र के आधार पर परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। सेवा पर्व में आज हम आपको बता रहे हैं– कैसे मोदी सरकार ने भारत की अध्यक्षता में जी–20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाया।

************************

रामगढ़ जिले में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव और दुरुपयोग को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

************************

खूंटी पुलिस ने अड़की इलाके से डेढ़ करोड़ मूल्य के डोडा के साथ तस्कर सुखराम नाग को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक वरुण रजक ने इसकी पुष्टि की है।

************************

सिमडेगा जिले के एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में हॉकी सिमडेगा मास्टर्स कप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 40 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने कहा कि फिट इंडिया अभियान को ध्यान में रखते हुए यह आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में दो सौ अठ्ासी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

************************

झारखंड समेत देश के विभिन्न हिस्सों में आज देवी दुर्गा के नौवें और अंतिम स्वरूप माँ सिद्धिदात्री की पूजा की जा रही है। इस दौरान पूजा पंडालों में भीड़ उमड़ रही है। कल विजयदशमी का त्योहार मनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि नवरात्रि सभी के जीवन में सौभाग्य, समृद्धि और सफलता लेकर आए।

************************

ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेल मंत्रालय ने सुनिश्चित किया है कि यात्रियों की सुविधा के लिए रांची से मुरादाबाद के बीच और रांची से अंबाला के बीच वन वे स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा।

*******************